क्रम या तारीख	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख सहित
1	2	3
	अभिलेख उपस्थापित। राधा देवी पति मुनी राम, निवास स्थान ग्राम-बरही, पोस्ट-बरही, थाना-बरही, जिला-हजारीबाग द्वारा छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम, 1908 की धारा-46 के अन्तर्गत अंचल-बरही, मौजा-बरही, थाना नं0-71, खाता संख्या-449, प्लॉट संख्या-9813, रकवा 0.08 एकड़ (08 डिसमिल) (आठ डिसमिल) भूमि नीलम कुमारी पति संतोष कुमार गौतम, निवास स्थान ग्राम-सिंघरावॉं, पोस्ट-सिंघरावॉं, थाना-चौपारण, जिला-हजारीबाग के साथ भूमि बिक्री करने हेतु आवेदिका एवं प्रस्तावित केता का जाति, आवासीय प्रमाण-पत्र एवं भूमि संबंधी कागजात की छायाप्रति संलग्न करते हुए आवेदन समर्पित किया गया है। प्राप्त आवेदन के आलोक में परमिशन वाद संख्या-25(A)/2022 प्रारम्भ कर कार्यालय पत्रांक 6381/रा0 दिनांक 16.12.2022 द्वारा अंचल अधिकारी, बरही को आम इस्तेहार का तामिला प्रतिवेदन एवं जॉच प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया। अंचल अधिकारी, बरही के पत्रांक 272 दिनांक 25.03.2023 के द्वारा जॉच प्रतिवेदन, आम इस्तेहार का तामिला प्रतिवेदन, ट्रेस नक्शा एवं चेक स्लीप उपलब्ध कराया गया है। आम इस्तेहार में किसी भी व्यक्ति द्वारा आपत्ति दर्ज नहीं किया गया है। अंचल अधिकारी, बरही द्वारा जॉच प्रतिवेदन में प्रतिवेदित किया गया है कि - क्रेता एवं विक्रेता दोनों अनुसूचित जाति के अन्तर्गत है एवं एक ही जिला के निवासी हैं। आवेदित भूमि केवाला से हासिल है। ऑनलाईन खतियान में भुनेश्वर चमार वगै0 का नाम दर्ज है। प्रश्नगत् भूमि रैयती खाते की है एवं किस्म टॉड-II है। खतियानी रैयत भुनेश्वर चमार वगै0 हैं। खतियान के अनुसार धारित कुल रकवा 5.71 एकड़ भूमि है। ऑनलाईन पंजी-II के पृष्ठ संख्या-38, भाग संख्या-17 में खाता संख्या-449, रकवा-32.66डी0 राधा देवी पति मुनि राम के नाम से जमाबंदी कायम है। ऑनलाईन जमाबंदी के अनुसार खाता संख्या-449 में आवेदिका द्वारा धारित कुल रकवा 1.00 एकड़ है। बिक्री की अनुमति मिलने के पश्चात् आवेदिका के पास लगभग 90डी0 भूमि बचती है। प्रश्नगत् भूमि आवेदिका को स्वयं केवाला से हासिल है। विक्रेता को भूमि बिक्री करने का अधिकार है। प्रस्तावित भूमि भूदान/भू-अधिग्रहण क्षेत्र/प्रतिबंधित सूची/वन भूमि/सरकारी भूमि के अन्तर्गत नहीं है। साथ ही BLR Act Section 4h से मुक्त है। प्रश्नगत् भूमि आवेदक के दखल कब्जा में है।	

अनुसूची-14 फारम सं0-563

आदेश की क्रम संख्या और तारीख	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख सहित
1	2	3
	प्रश्नगत् भूमि का ट्रेस नक्शा प्राप्त है, जिसमें आवेदित भूमि को लाल रंग से दर्शाया गया है एवं नक्शा में प्रस्तावित भूमि का चौहद्दी भी अंकित किया गया है। अंचल अधिकारी, बरही द्वारा विक्रेता को छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम, 1908 की धारा-46 के तहत् प्रश्नगत् भूमि की बिक्री करने की अनुमति हेतु अनुशंसा की गयी है। उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में अंचल अधिकारी, बरही के अनुशंसा के आलोक में राधा देवी पति मुनी राम, निवास स्थान ग्राम-बरही, पोस्ट-बरही, थाना-बरही, जिला-हजारीबाग को छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम, 1908 की धारा-46 के अन्तर्गत अंचल-बरही, मौजा-बरही, थाना नं0-71, खाता संख्या-449, प्लॉट संख्या-9813, रकवा 0.08 एकड़ (08 डिसमिल) (आठ डिसमिल) भूमि नीलम कुमारी पति संतोष कुमार गौतम, निवास स्थान ग्राम-सिंघरावाँ, पोस्ट-सिंघरावाँ, थाना-चौपारण, जिला-हजारीबाग के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति प्रदान की जाती है। साथ ही अभिलेख की कार्रवाई समाप्त की जाती है। लेखापित एवं संशोधित अपर समाहर्त्ता, हजारीबाग। अपर समाहर्त्ता, हजारीबाग।	

Digitally signed by RAKESH RAUSHAN
Date: 2023.04.15 16:20:28 +05:30
Location: 192.168.0.107